कार्यालय अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर

पत्र सं0: 605 /शैक्षिक/छात्रवृत्ति/25 दिनांक: 03/09/2025

:: सूचना ::

विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् ऐसे समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि जो शैक्षिक सत्र 2025–26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन करने नवीन एवं नवीनीकरण हेतु इच्छुक है वह सर्वप्रथम **ओ0टी0आर0** (https://scholarship.up.gov.in) करने के उपरान्त ही अपने आवदेन को पूर्ण करेगें, जो विश्वविद्यालय स्तर से ऑनलाइन सत्यापित की जानी है। ऐसे समस्त छात्र–छात्राएं छात्रवृत्ति पंजीकरण फॉर्म (Scholarship Form) से सम्बन्धित समस्त अभिलेखों (Documents) समेत छात्रवृत्ति के फाइनल प्रिंट आउट को ***अपने विभागाध्यक्ष से 75 प्रतिशत की उपस्थिति को प्रमाणित कराते हुये अंतिम तिथि दिनांक 02/11/2025 से पहले पूर्ण करते हुये,*** छात्रवृत्ति पटल पर **प्रातः 11:00 से सायं 04:00** बजे तक जमा करना सुनिश्चित करें। छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन करते समय यह सुनिश्चित किया जाय कि जो भी सूचनायें भरी जा रही हैं वह सही हैं। आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर उसको निरस्त कर दिया जायेगा, जिसके लिये छात्र–छात्राएं स्वतः जिम्मेदार होंगे।

03/09/2025

(प्रो0 ललित कुमार सिंह)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।</u>

1. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि सूचना को समस्त छात्रावासों के सूचनापटों पर प्रदर्शित कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस इस आशय के साथ कि सूचना को अपने विभाग के सूचना पट पर प्रदर्शित कराते हुये छात्रों के छात्रवृत्ति आवेदन प्रपत्र पर उनकी उपस्थिति 75% से कम नहीं होने को प्रमाणित करने का कष्ट करें।
3. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
4. कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

(प्रो0 ललित कुमार सिंह)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

Scanned with OKEN Scanner